सं0सं0–01 / स्था0–15–02 / 2026–

बिहार सरकार

जल संसाधन विभाग

प्रेषक,

संजय प्रसाद,
सरकार के उप सचिव

सेवा में,

ई–मेल

सभी मुख्य अभियंता,
जल संसाधन विभाग, बिहार

पटना, दिनांक–

विषयः– **बिहार स्टेट इलेक्ट्रोनिक्स डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लि0 (बेल्ट्रॉन), पटना द्वारा प्रतिनियुक्त डाटा इन्ट्री ऑपरेटरों की प्रतिनियुक्ति की सम्पुष्टि के संबंध में।**

प्रसंगः– **विभागीय पत्रांक–113 दिनांक–27.01.2026**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र **(छायाप्रति संलग्न)** के आलोक में बिहार स्टेट इलेक्ट्रोनिक्स डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लि0 (बेल्ट्रॉन), पटना द्वारा विभागान्तर्गत विभिन्न बाढ़ / सिंचाई प्रक्षेत्र में डाटा इन्ट्री ऑपरेटरों की प्रतिनियुक्ति की जा रही है। जिसके पश्चात् कतिपय कार्यालय (बाढ़ / सिंचाई प्रक्षेत्र) द्वारा संबंधित डाटा इन्ट्री ऑपरेटरों की प्रतिनियुक्ति को सम्पुष्ट करने हेतु विभाग को पत्र प्राप्त हो रहे हैं।

विदित हो कि विभागान्तर्गत विभिन्न बाढ़ / सिंचाई प्रक्षेत्र में प्रतिनियुक्त डाटा इन्ट्री ऑपरेटरों की प्रतिनियुक्ति की सम्पुष्टि एवं उनके मानदेय भुगतान हेतु ERP Mapping बिहार स्टेट इलेक्ट्रोनिक्स डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लि0 (बेल्ट्रॉन), पटना के स्तर हीं किया जाना अपेक्षित है।

अतः अनुरोध है कि आपके प्रक्षेत्र (बाढ़ / सिंचाई प्रक्षेत्र) में प्रतिनियुक्त डाटा इन्ट्री ऑपरेटरों की प्रतिनियुक्ति की सम्पुष्टि एवं उनके मानदेय भुगतान हेतु ERP Mapping करने के संबंध में बिहार स्टेट इलेक्ट्रोनिक्स डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लि0 (बेल्ट्रॉन), पटना से पत्राचार करने की कृपा की जाय।

अनु0ः–यथोक्त।

विश्वासभाजन
ह0 / –
(संजय प्रसाद)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–01 / स्था0–15–02 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपिः– अभियंता प्रमुख (मुख्यालय), जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना / सभी संबंधित अधीक्षण अभियंता एवं कार्यपालक अभियंता (बाढ़ / सिंचाई प्रक्षेत्र), जल संसाधन विभाग, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह0 / –
सरकार के उप सचिव

कृ0पृ0उ0

ज्ञापांकः–01/स्था0–15–02/2026– 1347 पटना, दिनांकः– 10/3/26

प्रतिलिपिः– कार्यपालक अभियंता, WRD IT Centre को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने एवं IT Manager, जल संसाधन विभाग, पटना को सभी मुख्य अभियंताओं को ईमेल करने हेतु प्रेषित।

10.03.2026

सरकार के उप सचिव